प्रथम संकलित परीक्षा 2016-2017

कक्षा–आठवीं

विषय–हिन्दी पूर्णांक–80

समय– 3 घंटे

सामान्य निर्देश

क) प्रश्न पत्र चार खंडों में विभाजित है, चारों के उत्तर देना अनिवार्य है।

ख) प्रश्नों के उपभागों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।

ग) इस प्रश्न पत्र में कुल 15 प्रश्न हैं।

प्रश्न 1) निम्नलिखित गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–
6

विदयार्थी जीवन ही वह समय है, जिसमें बच्चों के चरित्र, व्यवहार तथा आचरण को जैसा चाहे वैसा रूप दिया जा सकता है। यह अवस्था भावी वृक्ष की उस कोमल शाखा की भाँति है, जिसे जिधर चाहे मोड़ा जा सकता है। पूर्णतः विकसित वृक्ष की शाखाओं को मोड़ना संभव नहीं। उन्हें मोड़ने का प्रयास करने पर वे टूट तो सकती हैं, पर मुड़ नहीं सकती। छात्रावस्था उस श्वेत चादर की तरह होती है, जिसमें जैसा प्रभाव डालना हो, डाला जा सकता है। सफेद चादर पर एक बार जो रंग चढ़ गया, सो चढ़ गया ; फिर से वह पूर्वावस्था को प्राप्त नहीं हो सकती। इसीलिए प्राचीन काल से ही विद्‌यार्थी जीवन के महत्त्व को स्वीकार किया गया है। इसी अवस्था में सुसंस्कार और सद्‌वृत्तियाँ पोषित की जा सकती हैं। इसीलिए प्राचीन समय में बालक को घर से दूर गुरूकुल में रहकर कठोर अनुशासन का पालन करना होता था।

क) व्यवहार को सुधारने का सर्वोत्तम समय कौन सा है ?

ख) विद्‌यार्थी जीवन की अवस्था किसकी भांति है ?

ग) विकसित वृक्ष की शाखाएँ कब टूट सकती हैं ?

घ) छात्रावास्था सफेद चादर के समान क्यों होती है ?

ड.) छात्रों को गुरूकुल में क्यों छोड़ा जाता था ?

च) चादर के साथ किस विशेषण का प्रयोग किया गया है ?

खंड ख

2 क) लिपि किसे कहते है? हिंदी भाषा की लिपि का नाम बताइए।2

ख) मौखिक व लिखित भाषा में उदाहरण सहित अंतर स्पष्ट करें।2

3 क) वर्ण विच्छेद कीजिए– 2

अनुभव,सानिध्य

ख) वर्ण संयोग कीजिए– 2

I ऋ + ष् + इ

II स्+अ+म्+म्+आ+न्+अ

4 क) संधि कीजिए– 2

I महा +आत्मा

II सुर + इंद्र

ख) संधि विच्छेद कीजिए– 2

I पुस्तकालय

II परमौषध

5)रेंखांकित संज्ञा शब्दों के भेद बताइए– 3

क) प्रश्न पत्र देखकर रोहन को घबराहट होने लगी।

ख)नेहा का परिश्रम सफल हुआ है।

ग)मैदान में बालक खेल रहे हैं।

6) रेंखांकित पदों के पर्यायवाची शब्द रिक्त स्थानों में लिखिए– 2

क) भारत देश की धरती बहुत उपजाऊ है। हमारा कर्तव्य है कि हम इस________की सदैव रक्षा करें।

ख) हमें रात को बाहर अकेले नहीं घूमना चाहिए,क्योंकि_______के समय अकेले बाहर जाना सुरक्षित नहीं है।

7) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए– 3

क) जानने की इच्छा

ख) जिसका कोई शत्रु न हो

ग)दो या अधिक नदियों के मिलन का स्थान

8) रेंखांकित पदो ंके विलोम शब्द रिक्त स्थानों में लिखिए–3

I अनुज को सदैव_________का सम्मान करना चाहिए।

II भारत की जलवायु हम सभी के अनुकूल है________नहीं।

III यह समाज एक दूसरे के आदान – _________ द्वारा ही चलता है।

9)निम्नलिखित श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखिए– 4

I अनल
अनिल

II अवधि
अवधी

खंड ग

10) निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए– 5

अभी न होगा मेरा अंत
अभी अभी ही तो आया है
मेरे वन में मृदुल वसंत
अभी न होगा मेरा अंत।
हरे–हरे ये पात,
डालियाँ, कलियाँ कोमल गात।
मैं ही अपना स्वप्न–मृदुल–कर
फेरूँगा निद्रित कलियों पर

जगा एक प्रत्यूष मनोहर।

अथवा

पक्षी और बादल,
ये भगवान के डाकिए हैं,
जो एक महादेश से
दूसरे महादेश को जाते हैं।
हम तो समझ नहीं पातें हैं
मगर उनकी लाई चिट्ठियाँ
पेड़ पौधे, पानी और पहाड़
बाँचते हैं।

11) 'वसंत' पाठ्य–पुस्तक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25–30 शब्दों में लिखिए– 5x3=15

क) वस्तु–विनिमय क्या है ? विनिमय की प्रचलित पद्धति क्या है ?

ख) बचपन में लेखक अपने मामा के घर क्यों जाता था और वह बदलू को 'बदलू मामा' न कहकर 'बदलू काका' क्यों कहता था?

ग) दोषों का पर्दाफाश करना कब बुरा रूप ले लेता है ?

घ) लेखक ने ऐसा क्यों कहा है कि लोगों ने उन्हें भी धोखा दिया है, फिर भी वे निराश नहीं हैं ?

ड.) बच्चों के उधम मचाने के कारण घर की क्या दुर्दशा हुई ?

12) भाषा की बात –

क) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए– 2

तरकारी   नाजुक

ख) 'चरम–परम' समस्त पद का विग्रह कीजिए। 1

ग) 'मृदुल वसंत' शब्द में से विशेषण व विशेष्य छाँटकर लिखिए। 1

13) कहानी संचय पाठ्य पुस्तक के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं पाच प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2x5=10

क) अंधे की आँखों की रोशनी वापस कैसे आई ?

ख) बहेलिये ने राजा के प्राणों की रक्षा के लिए क्या किया ?

ग) चीफ शामनाथ की माँ से मिलकर खुश क्यों हुए ?

घ) वैसिली ने गुस्से में क्या किया तथा सेम्योन ने उसे कैसे संभाला?

ड.) दोनों भाइयों में कौन–कौन से गुण थे ?

च) साधुओं ने आशीर्वाद के रूप में पहले दोनों बेटों को क्या दिया ?

खंड घ

14) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए– 7

क)स्वदेश प्रेम

ख) मैं और मेरा गांव

15) अपने बड़े भाई के विवाह में सम्मिलित होने के लिए चार दिन का अवकाश माँगते हुए प्रधानचार्य जी की प्रार्थना पत्र लिखिए। 6